प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

## पहलगाम हमला

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाये हैं। पाकिस्तान के साथ 1960 का सिंधु जल समझौता रोक दिया गया है और तत्काल प्रभाव से अटारी एकीकृत सीमा चौकी बंद कर दी गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर कल शाम हुई सुरक्षा पर मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गयी और सभी सुरक्षा बलों को कड़ी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गये।

बैठक के बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि सार्क वीजा छूट योजना के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत आने की अनुमति नहीं मिलेगी। उन्हें पहले से जारी वीज़ा रद्द माने जाएंगे। इस वीज़ा के तहत भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ना होगा। विदेश सचिव ने बताया कि नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना सलाहकारों को एक सप्ताह के अंदर भारत छोड़ना होगा। भारत भी अपने रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना सलाहकारों को इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से वापस बुला लेगा। विदेश सचिव ने कहा कि पहली मई तक उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या 55 से कम कर 30 की जाएगी।

## प्रदेश बंद

इधर पहलगाम आंतकी हमले के विरोध में आज प्रदेश के बाजार बंद रहेंगे। आज सुबह से 11 बजे तक व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। वहीं राजधानी शिमला के कारोबारियों ने दोपहर एक बजे तक बाजार बंद रखने का फैसला लिया है। प्रदेश व्यापार मंडी के राज्य अध्यक्ष सुमेश शर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी ने आतंकी हमले की निंदा की है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बिहार के मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे मधुबनी से देश की सभी ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस सरकार की पूरी भागीदारी के साथ प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और शहरी तथा दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वित्तीय सहायता राशि भी वितरित की जाएगी। प्रधानमंत्री इस अवसर पर विशेष श्रेणी राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार–2025 भी प्रदान करेंगे। इधर प्रदेश में भी पंचयती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

चंबा मेडिकल कॉलेज

चंबा मेडिकल कॉलेज में स्थापित पीएसए ऑक्सीजन प्लांट में सेवाएं दे रहे ऑपरेटरों को पिछले तीन महीने से वेतन न मिलने और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा सेवा विस्तार ना देने से ऑपरेटरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में उन्होंने उपायुक्त मुकेश रेपसवाल से मुलाक़ात की और उनकी समस्या का जल्द समाधान करने का आग्रह किया।

वहीं इस बारे में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट ऑपरेटर उनसे मिले हैं। उन्होंने कहा इन ऑपरेटर की समस्या का समाधान किया जाएगा।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद हिमाचल में अलर्ट से संबंधित खबर को आज समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला का शिर्षक है जम्मू कश्मीर से सटी हिमाचल की सीमा पर अलर्ट–पर्यटन धार्मिक स्थलों पर चौकसी।

दैनिक भास्कर की सूर्खी है चंबा, कांगड़ा बॉर्डर पर सुरक्षा कड़ी– पर्यटन स्थलों पर पुलिस दश्त के निर्देश।

दैनिक जागरण लिखता है हिमाचल प्रदेश भी स्तर्क सीमाएं सील। पंजाब केसरी और हिमाचल दस्तक के लगभग एक जैसे शब्द है हिमाचल अलर्ट सीमावर्ती क्षेत्रों में तलाशी अभियान तेज।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी हैं पहलगाम आतंकी हमले के बाद हिमाचल अलर्ट।

पानी की छोटी प्लास्टिक बोतलों के उपयोग पर प्रतिबंध अधिसूचना जारी– संबंधी खबर भी अधिकांश समाचार पत्रों पर प्रकाशित है।

दैनिक भास्कर की एक अन्य खबर है– भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट के दो सौ 10 वर्ष– 24 अप्रैल 1815 को अंग्रेजों ने रखी थी गोरखा रेजिमेंट की नींव।